

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**लोक सभा अध्यक्ष ने अनंतनाग में स्थानीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भेंट की/LOK SABHA SPEAKER MEETS REPRESENTATIVES OF LOCAL BODIES IN ANANTNAG**

....

**अनंतनाग के स्थानीय निकायों के सदस्यों ने कहा कि श्री बिरला के आने से स्थानीय प्रतिनिधियों का उत्साह बढ़ा है/ MEMBERS OF LOCAL BODIES OF ANANTNAG SAY THAT SHRI BIRLA'S VISIT HAS BOOSTED CONFIDENCE OF LOCAL REPRESENTATIVES**

....

**सत्ता का विकेंद्रीकरण विकास और लोकतंत्र की सफलता का आधार है : श्री बिरला / DECENTRALIZATION OF POWER IS KEY TO SUCCESS OF DEMOCRACY AND DEVELOPMENT: SHRI BIRLA**

**लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला 31 अगस्त, 2021 को जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। / LOK SABHA SPEAKER SHRI OM BIRLA TO INAUGURATE PARLIAMENTARY OUTREACH PROGRAMME FOR THE EMPOWERMENT OF PANCHAYATI RAJ INSTITUTIONS OF THE UNION TERRITORY OF JAMMU & KASHMIR ON 31 AUGUST, 2021**

....

**केंद्रीय मंत्री , जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उप-राज्यपाल, संसद सदस्य और अन्य विशिष्टजन इस कार्यक्रम में भाग लेंगे / UNION MINISTERS, LIEUTENANT GOVERNOR, UT OF**

**JAMMU & KASHMIR, MEMBERS OF PARLIAMENT AND OTHER DIGNITARIES WILL ATTEND THE PROGRAMME**

...

**आउटरीच कार्यक्रम श्री बिरला की अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर शासन और आयोजना से जुड़ी संस्थाओं को सशक्त करना है। / OUTREACH PROGRAMME IS A UNIQUE INITIATIVE OF SHRI BIRLA WHICH IS INTENDED TO STRENGTHEN THE INSTITUTIONS OF GOVERNANCE AND PLANNING AT THE GRASS-ROOT LEVEL**

....

**इस कार्यक्रम का विषय ''पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय आउटरीच कार्यक्रम'' है। / THE THEME OF THE PROGRAMME IS "PARLIAMENTARY OUTREACH PROGRAMME FOR THE EMPOWERMENT OF THE PANCHAYATI RAJ INSTITUTIONS"**

**श्रीनगर, 30 अगस्त 2021:** लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला 29 अगस्त 2021 को श्रीनगर पहुंचे और आज उहोने अनंतनाग और पहलगाम  के आस-पास के अन्य क्षेत्रों की पंचायती राज संस्थाओं के सरपंचों तथा जिला विकास परिषदों, ब्लॉक विकास परिषदों के प्रतिनिधियों से भेंट की ।

श्री बिरला ने नव निर्वाचित स्थानीय प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र शांति और समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि संघ राज्य क्षेत्र में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत किया गया है । उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने में अधिक भागीदारी करने  की अपील की।

यह टिप्पणी करते हुए कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें हमारी परंपरा में रची-बसी  हैं, श्री बिरला ने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि सत्ता का विकेंद्रीकरण विकास और लोकतंत्र की सफलता का आधार है, श्री बिरला ने प्रशासन और पंचायती राज संस्थानों के बीच समन्वय बढ़ाए जाने का अनुरोध किया ताकि विकास का लाभ इच्छित लाभार्थियों तक पहुंचे। इस संबंध में, श्री बिरला ने आम सहमति और संवाद के महत्व पर जोर दिया और कहा कि सभी लोकतांत्रिक संस्थानों को आपस में बातचीत करके सुव्यवस्थित कार्यकरण के लिए नियम और प्रक्रियाएं निर्धारित करनी चाहिए। श्री बिरला ने यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम सभाओं की नियमित बैठकें होनी चाहिए।

श्री बिरला ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में पर्यटन और निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में स्थानीय हस्तशिल्प और कलाकृतियों के विपणन और निर्यात को बढ़ावा देने के उपाय किए जाने पर भी जोर दिया।

पंचायतों के प्रतिनिधियों ने श्री बिरला की ऐतिहासिक यात्रा की सराहना की और कहा कि लोक सभा अध्यक्ष के दौरे से स्थानीय स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा मिलेगा।

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला 31 अगस्त, 2021 को जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

श्री बिरला के साथ , विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय; परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री, श्री जितेन्द्र सिंह; जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के उपराज्यपाल, श्री मनोज सिन्हा; केन्द्रीय राज्य मंत्री, श्री प्रह्लाद सिंह पटेल; संसद सदस्यगण, जम्मू और कश्मीर के पूर्व उप-मुख्यमंत्री, श्री निर्मल कुमार सिंह एवं अन्य विशिष्टजन भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय आउटरीच कार्यक्रम लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला की अनूठी पहल है। पहली बार आयोजित किए गए इस अभिनव कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर शासन और आयोजना से जुड़ी संस्थाओं को सशक्त करना है।

इस प्रकार का पहला आउटरीच कार्यक्रम 8 जनवरी 2021 को उत्तराखंड राज्य में देहरादून में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में पंचायत के 445 प्रतिनिधियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया था। इसके अतिरिक्त, पंचायत के लगभग 40,000 प्रतिनिधि और अधिकारी वेब लिंक के माध्यम से कार्यक्रम से ऑनलाइन इस कार्यक्रम में शामिल हुए ।

दूसरा आउटरीच कार्यक्रम 26 फरवरी, 2021 को मेघालय राज्य और अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए शिलांग में आयोजित किया गया था। उत्तर-पूर्वी राज्यों के स्थानीय निकायों के लगभग 115 सदस्यों ने कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया था। इसके अलावा, सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी वेब लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

इस प्रकार का तीसरा आउटरीच कार्यक्रम लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र की स्थानीय स्तर की संस्थाओं के लिए 27 अगस्त, 2021 को आयोजित किया गया था। पंचायतों के लगभग 195 प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस प्रकार का चौथा आउटरीच कार्यक्रम जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में 31 अगस्त, 2021 को श्रीनगर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का विषय है- ''पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय आउटरीच कार्यक्रम'' । पंचायतों के लगभग 100 प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और इसके अलावा कई प्रतिनिधि ऑनलाइन माध्यम से शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार है:-

1. जन जागरूकता/जन भागीदारी सुनिश्चित करना।
2. स्थानीय स्तर के नेताओं में आत्मविश्वास/आत्म-सम्मान का भाव जागृत करना।
3. सृजित परिसम्पत्तियों के प्रति स्वामित्व का भाव उत्पन्न करना।
4. स्थानीय स्तर के राजनेताओं की लोकतांत्रिक मूल्यों संबंधी महत्वाकांक्षाओं को मजबूत करना।
5. विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करना और विकास कार्य के लिए सेवाओं की उपलब्धता और अवसर प्रदान करना ।
6. नेटवर्क विकसित करने का अवसर प्रदान करना और स्थानीय स्तर के नेतृत्व की महत्वाकांक्षाओं को प्रेरित करना।

श्री बिरला 1 सितंबर 2021 को पंचायत के प्रतिनिधियों से भेंट करने के लिए गुलमर्ग जाएंगे।

****

**Srinagar 30 August, 2021:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, who arrived in Srinagar on 29 August 2021, met with the representatives of District Development Council (DDC), Block Development Council (BDC) and Sarpanchas of Panchayati Raj Institutions of Anantnag District and other nearby areas at Pahalgam today.

Congratulating the newly elected local representatives, Shri Birla said that the Union Territory of Jammu and Kashmir is on the path of peace and prosperity. The Speaker added that Panchayati Raj Institutions in the UT have been strengthened and appealed to the local representatives for their greater involvement in making the democratic institutions more transparent and accountable.

Observing that the roots of Indian democracy are in our tradition, Shri Birla urged the Panchayati Raj representatives to work towards fulfillment of hopes and aspirations of the people.

Mentioning that decentralisation of power is the key to success of democracy and development, Shri Birla called for greater coordination among administration and Panchayati Raj Institutions so that the fruits of development reach the intended beneficiaries. In this regard, Shri Birla stressed on the importance of consensus and dialogue and said that all democratic institutions must interact among themselves and they should also device a set of rules and procedures for structured functioning. Shri Birla also said that Gram Sabhas should meet regularly to address people's issues.

Stating that Jammu and Kashmir has tremendous potential for tourism and export, Shri Birla called for measures for boosting marketing and export of local handicrafts and artifacts in national and international markets.

The Panchayat representatives lauded the initiative of Shri Birla for his historic visit and said that the visit of the Lok Sabha Speaker would boost democracy at the grass roots level.

Lok Sabha Speaker Shri Om Birla will inaugurate Parliamentary Outreach Programme for the Empowerment of Panchayati Raj Institutions of the Union Territory of Jammu & Kashmir tomorrow, i.e 31 August, 2021.

Besides, Shri Birla, Union Minister of State (IC) for the Ministries of Science and Technology, Earth Sciences, Minister of State, Prime Minister's Office; Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions; Department of Atomic Energy and Department of Space Dr. Jitendra Singh; Lieutenant Governor of Union Territory of Jammu & Kashmir, Shri Manoj Sinha; Union Minister of State, Shri Prahlad Singh Parel; Members of Parliament, Former Deputy Chief Minister of Jammu & Kashmir, Shri Nirmal Kumar Singh and other eminent dignitaries will grace the occasion.

The Parliamentary Outreach Programme for the Empowerment of Panchayati Raj Institutions is a unique initiative of the Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla. A first of its kind Programme, it is intended to strengthen the institution of governance and planning at the grass-root level.

The first such Outreach Programme was organized at Dehradun, in the State of Uttarakhand on 08th January, 2021. The Programme was physically attended by 445 Panchayat representatives. In addition, approximately 40,000 Panchayat representatives and officials were connected to the programme online via web link.

The second Outreach Programme was organized at Shillong on 26 February, 2021 for the State of Meghalaya and other North Eastern States. Around 115 members of the local bodies of North Eastern States physically attended the programme. Besides, a large number of participants from all of the North Eastern States joined the programme online via web link.

The third such programme in the series was recently organized for the grass root level institutions of the Union Territory of Ladakh on 27 August, 2021. Around 195 number of Panchayat representatives attended the programme.

The fourth such programme is scheduled to be organized for the Union Territory of Jammu & Kashmir on 31 August, 2021 at Srinagar. The theme of the programme is “Parliamentary Outreach Programme for the Empowerment of the Panchayati Raj Institutions”. Around 100 Panchayat representatives will physically attend the programme and many others will join online via weblink.

The broad objectives of the Programme are:-

i. Create mass awareness/mass participation
ii. Create self confidence/self respect for the ground level leaders
iii. Creation of sense of ownership of the assets that have been created
iv. Fuelling the ambitions for grass root political leaders for democratic values
v. Creating the awareness about the various schemes and the doorstep delivery – opportunities for development work
vi. Opportunity to develop a network and push the aspirational level of the ground level leadership.

Shri Birla will visit Gulmarg to meet the Panchayat representatives on 1 September 2021.

****